BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कम्युनिटी को साफ, सुरक्षित और हरा-भरा रखने में मदद के लिए प्रदूषण रोकथाम सप्ताह मना रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (18 सितम्बर, 2023) – 18 से 22 सितम्बर तक, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन प्रदूषण रोकथाम सप्ताह (पोल्यूशन प्रीवेंशन वीक) (Pollution Prevention Week) मना रही है और निवासियों, आगंतुकों (विजीटर्स) और कारोबारों को, प्राकृतिक पर्यावरण की सुरक्षा का महत्व याद करवा रही है।

प्रदूषण रोकथाम सप्ताह, एक वार्षिक अभियान है, जिसका उद्देश्य रोजमर्रा की उन कार्रवाईयों को प्रति जागरूकता बढ़ाना है, जो प्रदूषकों को पर्यावरण में दाखिल होने से कम करने और रोकने के लिए की जा सकती हैं।

इस वर्ष ब्रैम्पटन, प्रदूषण रोकथाम के महत्व को उजागर करेगा, जो कूड़े को कम करने और ब्रैम्पटन के स्टॉर्मवाटर ड्रेनेज सिस्टम के बारे में जागरूकता फैलाने पर केंद्रित होगा। स्टॉर्मवाटर, वर्षा और पिघली हुई स्नो होती है, जो स्ट्रीट्स में से बहकर सिटी के स्टॉर्मवाटर ड्रेनेज सिस्टम में और अंत में पर्यावरण में चली जाती है। स्टॉर्मवाटर जमीन पर बहने वाले प्रदूषक पदार्थों को साथ ले जाता है, जैसे पालतू जानवरों का मल, फर्टिलाइजर, कीटनाशक, सड़क का नमक, मोटर तेल और ऑटोमोटिव तरल पदार्थ और कूड़ा। कूड़े को कम करने और खतरनाक सामान का सुरक्षित तरीके से निपटान, प्रदूषक पदार्थों को स्टॉर्मवाटर ड्रेनेज सिस्टम में दाखिल होने से रोकने में मदद करता है।

प्रदूषण रोकथाम संबंधी पांच कार्रवाईयां:

1. अपनी प्रॉपर्टी को साफ और कूड़े से मुक्त रखें या लोकल पार्क्स क्लीनअप (Parks Cleanup) कार्यक्रम से जुड़ें या आयोजित करें।
2. अपने पालतू जानवर का मल साफ करें और सही ढंग से उसका निपटान करें।
3. सड़क पर नमक ध्यान से बिछाएं। नमक बिछाने से पहले स्नो और बर्फ को बेलचे से हटा दें।
4. फर्टिलाइजर्स और कीटनाशकों/बेकार जड़ी-बूटी को मारने वाली दवाईयों का प्रयोग कम करें या खत्म करें।
5. घरेलू खतरनाक सामान का निपटान, रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के कम्युनिटी रिसाइकलिंग सेंटर्स (Community Recycling Centres) में करें, जैसे मोटर तेल, एंटीफ्रीज़ और पेंट।

यह तारीख याद रखें

निवासियों और आगंतुकों को, ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट (Brampton Farmers' Market) में प्रदूषण रोकथाम सप्ताह में आमंत्रित किया जाता है, जिसमें शामिल होगा, गेम्स, इनाम और कैचबेसिन आर्ट प्रोजेक्ट (Catchbasin Art Project) की तरफ से लोकल कलाकारों द्वारा पेंट किए कैचबेसिन मुराल्स से पर्दा उठाना।

गेज पार्क (Gage Park) में शनिवार, 23 सितम्बर, 2023, सुबह 8 बजे से दोपहर बाद 1 बजे तक।

कैचबेसिन आर्ट प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां जाएं, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन | स्टॉर्मवाटर | स्ट्रीट्स से स्ट्रीम्स तक – कैचबेसिन आर्ट प्रोजेक्ट (City of Brampton | Stormwater | From Streets to Streams - Catchbasin Art Project)।

लिंक

लोकल पार्क क्लीनअप कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां जाएं, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन | पार्क्स एंड ओपन स्पेसिज | पार्क्स क्लीनअप (City of Brampton | Parks and Open Spaces | Parks Cleanup)।

कूड़े के सही निपटान के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां जाएं, कमुयनिटी रिसाइकलिंग सेंटर – रीजन ऑफ पील (Community Recycling Centres - Region of Peel) (peelregion.ca)

इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कि निवासी और कारोबार, स्टॉर्मवाटर प्रदूषण को कैसे रोक सकते हैं, कृपया यहां जाएं, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन | स्टॉर्मवाटर | घर में प्रदूषण रोकथाम (City of Brampton | Stormwater | Pollution Prevention at Home)।

हवाले

"ब्रैम्पटन एक ऐसी कम्युनिटी है, जो स्वस्थ, बहाल और स्थिर शहर बनाने के लिए, हमारे प्राकृतिक और निर्मित पर्यावरणों को संभालती है, उनका विस्तार करती है और संतुलन कायम करती है। हमारे पर्यावरण की देखभाल करने में हर कोई भूमिका निभा सकता है और प्रदूषण रोकथाम, हमारे ग्रह के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। इस प्रदूषण रोकथाम सप्ताह में, निवासी, कारोबार और आगंतुक उस काम का जशन मना सकते हैं, जो हम ब्रैम्पटन के लिए अधिक साफ और सुनहरा भविष्य बनाने के लिए कर रहे हैं।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"आज प्रदूषण को रोकना, अधिक साफ और अधिक सुनहरे भविष्य को सुनिश्चित करता है। हमारे ग्रह को कायम रखने के लिए इकट्ठे काम करना, धरती, पानी और हवा को बचाने के लिए आसान विकल्पों और बेबाक कार्रवाईयों से शुरू होता है। मैं हर किसी को सलाह देता हूं कि प्रदूषण रोकथाम सप्ताह के दौरान, इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें कि अधिक साफ, स्वस्थ ब्रैम्पटन बनाने का हिस्सा बनने के लिए प्रदूषण को कैसे रोका जाए।"

- *माइकल प्लेशी (Michael Palleschi), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 2 और 6; चेयर, प्लानिंग एंड डिवेल्पमेंट, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन समझती है कि स्थिर कल, आज की जिम्मेदार कार्रवाईयों से शुरू होता है। निवासियों, कारोबारों और कर्मचारियों के साथ मिलकर, हम ब्रैम्पटन की पर्यावरण संबंधी तंदरुस्ती को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिटी का ग्रो ग्रीन प्लान, स्थिर भविष्य के लिए ब्लूप्रिंट है और प्रदूषण रोकथाम सप्ताह के दौरान, हम ब्रैम्पटन के प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।”

- *मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca